No. of Printed Pages : 4

बी.एच.डी.ई.-108 / ई.एच.डी.-8

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2018

02015

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

बी.एच.डी.ई.-108 / ई.एच.डी.-8 : प्रयोजनमूलक हिन्दी

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

*नोट : खण्ड क से **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । खण्ड ख से **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । खण्ड ग के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

खण्ड क

*निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए ।*

1. भाषा के आधुनिकीकरण पर प्रकाश डालिए । *20*

2. हिन्दी की विभिन्न प्रयुक्तियाँ और उनके व्यवहार-क्षेत्र को समझाइए । *20*

3. शब्द-निर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं पर विचार कीजिए । *20*

4. मुद्रित माध्यमों की भाषा के वैविध्य का परिचय दीजिए । *20*

खण्ड ख

निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए ।*

5. मौखिक और लिखित भाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए । *10*

6. भाषा के मानकीकरण के प्रमुख आधारों को स्पष्ट कीजिए । *10*

7. प्रयोजनमूलक हिन्दी के स्वरूप पर प्रकाश डालिए । *10*

8. हिन्दी की वाक्य-संरचना को समझाइए । *10*

9. प्रशासनिक पत्रों के विविध प्रकारों पर विचार कीजिए । *10*

10. वैज्ञानिक शब्दावली-संबंधी विभिन्न विचारधाराओं का परिचय दीजिए । *10*

11. हिन्दी में नए तकनीकी शब्दों का निर्माण किस तरह से होता है ? समझाइए । *10*

12. राष्ट्रीय विकास में जनसंचार की भूमिका को स्पष्ट कीजिए । *10*

खण्ड ग

*इस खण्ड के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

13. निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए : *5×2=10*

(क) भाषा तथा बोली में अन्तर बताइए ।

(ख) अनुस्वार व अनुनासिक के अन्तर को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

(ग) सरल वाक्य किसे कहते हैं ? बताइए ।

(घ) राजभाषा हिन्दी का प्रयोग कहाँ-कहाँ होता है ?

(ङ) टिप्पण-लेखन की विशेषताएँ बताइए ।

14. निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी पर्याय बताइए : *5×1=5*

(क) Dialogue

(ख) Concept

(ग) Costumes

(घ) Lyric

(ङ) Research

15. निम्नलिखित में से *सही* अथवा *ग़लत* कथन का उल्लेख कीजिए : *5×1=5*

(क) तकनीकी भाषा को हम वैज्ञानिक भाषा भी कह सकते हैं ।

(ख) भाषा में तर्कसम्मत शैली आधुनिकीकरण की विशेषता है ।

(ग) जड़ स्थिरता मानकीकरण की पहचान है ।

(घ) प्रयोजनमूलक हिन्दी में कर्मवाच्य का अधिक प्रयोग होता है ।

(ङ) आपसी बोलचाल की भाषा को राजभाषा कहते हैं ।